# बैठक विवरण

आज दिनांक 25/07/2019 को प्राध्यापक परिषद की बैठक स्टाफ रूम मे आयोजित की गई जिसमे परिषद की पूर्व (08-01-2019) मिटिंग के मिनट्स पढ़कर उपस्थित सदस्यों को सुनाये गये जिसे सदस्यो ने सर्वसम्मति से अनुमोदित कर लिया।
आज की मिटिंग में निम्न लिखित सदस्य उपस्थित थे।

(1.) श्री अर्जुनसिंह उज्ज्वल
(2.) श्री रामेश्वरलाल मोगिया
(3.) डा. हरिशचन्द्र ~~चौधरी~~
(4.) डॉ. कथुराम पंवार
(5.) डॉ. ललीत कुमार
(6) श्री मनीष अरवावत
(7.) श्रीमती कृष्णा देवल
(8.) श्री बंशीलाल
(9.) श्रीमती नीलम शर्मा
(10.) श्री रविन्द्र कुमार
(11.) श्री सुभाष विश्नोई
(12.) श्रीमती रेणु कुमारी
(13) श्री सन्तोष कुमार
(14) श्री राजेन्द्र सिंह
(15) श्री विक्रम राव
(16.) श्री राजेन्द्र कुमार कुमार
(17.) श्रीमती लक्ष्मी मंडा
(18.) श्री राजेन्द्र कटारिया
(19.) श्री ललीत कुमार वर्मा
(20) श्री सुरेश कुमार

मिटिंग में प्राचार्य की अनुमति से श्री अर्जुनसिंह उज्ज्वल ने चर्चा के महत्वपूर्ण विषयों को सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगीड ने नियमित कक्षाओं के संचालन, बायोमैट्रिक मशीन में संकाय सदस्यों व अन्य स्टॉफ के उपस्थिति अंकन व 5 घण्टे 15 मिनट के ठहराव, प्रवेश प्रक्रिया की स्थिति, प्रतियोगिता दक्षता कक्षाओं मे छात्रो की उपस्थिति व इन कक्षाओं की प्रगति रिपोर्ट, सभी कक्षाओं की में मासिक टेस्ट का आयोजन

छात्रों व स्टाफ सदस्यों के परिचय-पत्रों को तैयार करवाना छात्रों की (Voter) वोटर लिस्ट तैयार करवाने के साथ महाविद्यालय से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण बातों के बारे में उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया।
इस सम्बन्ध में डॉ. हरिशचन्द्र ने बताया कि कक्षाओं में फर्नीचर की उपलब्धता कम है अतः नया फर्नीचर खरीदा जाए। डॉ. ललीत कुमार ने बताया कि कुछ फर्नीचर हास्टल में परीक्षा व्यवस्था में लगाया गया था वह अब कक्षा कक्षों में लगा दिया जाएगा तथा कुछ की मरम्मत करवाया जाना आवश्यक है।

श्री सन्तोष कुमार और श्री राजेन्द्रसिंह ने भौतिक शास्त्र व रसायनशास्त्र की प्रयोगशाला में खिड़कियों के शीशे टूटे हुए हैं उनकी भी मरम्मत करवाए जाने का आग्रह किया मिटिंग में श्रीमती कृष्णा रेवल ने सुझाव कि कक्षों में श्याम पट्टों व पंखों की यदि सही मरम्मत करदी जाये तो और अधिक छात्रों को एक साथ बैठाया जाना सम्भव हो सकता है।

डॉ. हरिशचन्द्र ने सुझाव दिया कि विधानसभा व लोक सभा के आम चुनावों के समय महाविद्यालय कक्षा कक्षों को जो क्षति पहुँचती है इस हेतु जिला कलेक्टर से निवेदन कर क्षतिग्रस्त फर्नीचर, खिड़कियां व दरवाजों की मरम्मत करवाई जाए। डॉ. केशुराम पंवार ने प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध कराई और इस हेतु शीघ्र ही विषयवार छात्रों की सूची उपलब्ध करवाने के लिए सम्बन्धित कक्षाओं के प्रवेश प्रभारियों से आग्रह किया।

डॉ. हरिशचन्द्र ने मिटिंग में यह भी सुझाव दिया कि जो छात्र T.C. लेकर जाते हैं उनका पूरा रिकार्ड संधारित किया जाएं ताकि Voter list बनाने व अन्य स्थितियों में नियमित छात्रों की संख्या सम्बन्धी सही जानकारी रहसके

श्री विजय टांकु ने छात्रों की उपस्थिति के संधारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश उपलब्ध कराने का आग्रह किया इस सम्बन्ध में डॉ. ललीत कुमार एवम् श्री बंशीलाल ने भी जानकारी चाही कि कई कक्षाओं में सम्बन्धित कक्षा के अलावा अन्य छात्र भी उपस्थित रहते हैं उनकी उपस्थिति का क्या किया जाए।

प्राचार्य डॉ. एम. एल. जागीड़ ने बताया कि जुलाई माह में जितना पाठ्यक्रम करवा दिया गया है उसका एक मासिक टेस्ट लेकर कक्षा अनुसार प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय आने

P.T.O.

वाले छात्रों की सूची उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। प्राचार्य ने विषय परिवर्तन की प्रक्रिया 31.07.2019 तक पूरी कर उसको अंतिम रूप दिया जाना सुनिश्चित करें।

छात्रों के परिचय ~~पत्र~~ पत्र के सम्बन्ध में डॉ. ललित कुमार ने सुझाव दिया कि अब सभी प्रकार के प्रवेश ऑनलाइन है अतः टाइपड परिचय पत्र बनवा कर छात्रों को बांटे जाए। प्राचार्य ने नैक व IQAC के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा इस सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक कर कार्य को गति देने का निर्देश दिया। साथ ही श्री विक्रम टाक को छात्र एल्युमिनी एसोसियेशन का गठन करने का कार्य भार सौंपते हुए इसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। डॉ. ललित कुमार ने मिटिंग में स्टोर के सामान आवंटन संधारण दुरस्त करने, महाविद्यालय भवन में पानी की टंकियों के मरम्मत व जल संग्रहण स्टोरेज को दुरस्त करवाने, पौधारोपण व बॉटेनिकल गार्डन की तारबन्दी ठीक करवाने जैसे विषयों को सदन के पटल पर रखकर इस हेतु आवश्यक समितियाँ बनाने सम्बन्धी सुझाव दिए।

सभी आवश्यक विषयों पर चिंतन मनन करने के पश्चात प्राचार्य की अनुमति से मिटिंग समाप्ती की घोषणा की गई।

Approved
[signature]
11.02.2020

# बैठक विवरण

आज दिनांक 11-2-2020 को दोपहर 1 बजे महाविद्यालय के स्टाफ रूम में सत्र 2019-2020 की वि.वि. परीक्षाओं के आयोजन हेतु आवश्यक बैठक रखी गयी जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे-

1. श्रीमती रंजना जयसवाल
2. श्री रामेश्वरलाल मोगिया
3. श्री अर्जुनसिंह उज्ज्वल
4. डा. हरिश्चन्द्र
5. डा. ललित कुमार
6. डा. समयसिंह मीणा
7. श्रीमती कृष्णा देवल
8. ~~श्री~~ डा. बंशीलाल
9. श्री रविन्द्र कुमार
10. श्री सुभाष बिश्नोई
11. श्रीमती रेणु कुमारी
12. श्री सन्तोष कुमार
13. श्री राजेन्द्र सिंह
14. श्री विकास टाँक
15. श्री राजेन्द्र कुमार पुर्बार
16. श्रीमती लक्ष्मी नहटा
17. श्री राजेन्द्र कटारिया
18. ~~श्री~~ डॉ ललित कुमार 9
19. श्री सुरेश कुमार
20. श्रीमती ललिता
21. श्री पंकज कुमार
22. ~~श्री~~ डॉ. चन्दन कुमार
23. श्रीमती सन्तोष गोकलीवाल

बैठक में प्राचार्य महोदय की अनुमति से श्री अर्जुन सिंह उज्ज्वल ने चर्चा की एवं बैठक प्रारंभ हुई जिसमें निम्नांकित बिन्दु महत्वपूर्ण रहे-

1. श्री अर्जुन सिंह उज्ज्वल ने बैठक में पिछली बैठक का ब्यौरा देते हुए मिनिट्स पढ़े व सत्र 2019-2020 की परीक्षा में निश्चित व नियमित समय व प्रक्रिया के अंतर्गत कार्य करने की बात कही। संकाय सदस्यों को अनुशासित रहने व मोबाईल से परहेज करने की सलाह दी। पुलिस व प्रशासन से अपेक्षित सहयोग की बात भी कही।
2. डॉ. ललित कुमार ने परीक्षा संबंधी जानकारी प्रदर्शित (डिस्प्ले

करवाने की बात कही।

3. श्रीमती रंजना जायसवाल ने परीक्षा संबंधी सूचना व जानकारी माईक के माध्यम से उद्घोषित करवाने की बात कही। मोबाइल किसी भी स्थिति में परीक्षा कक्ष में ना आए इस बात पर जोर दिया। पेयजल की समुचित उपलब्धता पर बल दिया।

4. प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगिड़ ने संकाय सदस्यों को मोबाइल से परहेज की सलाह दी। सुपरवाईजरों के दायित्व व कार्यों पर विशेष जानकारी दी।

5. श्रीमती कृष्णा देवल ने परीक्षार्थियों द्वारा वॉलेट लेकर आने को अनुचित बताया व प्रतिबंध की मांग की।

6. डॉ. ललित कुमार वर्मा ने लॉ एक्ज़ाम्स के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी।

7. डॉ. समम मीणा ने मेडिकल किट की अनिवार्य उपलब्धता पर अपनी बात रखी। रोशनी की वैकल्पिक व्यवस्था की बात कही।

8. डॉ. हरिश्चन्द्र ने वीक्षकों को अधिक गंभीरता से वीक्षण कार्य करने का परामर्श दिया।

सभी आवश्यक विषयों पर चिंतन मनन करने के पश्चात प्राचार्य की अनुमति से बैठक समाप्त करने की घोषणा की गई।

Rnm
02/08/2021

Approved
[signature]
02.08.2021